अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 22.8.17 को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में, अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । डॉ. सुरेन्द्र रोहिल्ला, मोतीलाल नेहरु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित थे । इस व्याख्यान का विषय "पुर्नजागरण : एक साहित्यिक दृष्टिकोण" था । उन्होंने पुर्नजागरण युग के समस्त पहलुओं पर प्रकाश डाला । पुर्नजागरण युग अंग्रेज़ी साहित्य का सुनहरा अध्याय कहा जाता है । डॉ. रोहिल्ला ने इस युग के ऐतिहासिक, राजनैतिक, धार्मिक, साहित्यिक पहलुओं की चर्चा की । उन्होंने PPT द्वारा यूरोप, ऑटोमन साम्राज्य, सिल्क रुट, मिडिल ईस्ट की भौगोलिक स्थिति को समझाकर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया । यह व्याख्यान डॉ. गीता गुप्ता ने आयोजित किया । इस व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग से सभी प्राध्यापक गण और एम.ए. अंग्रेज़ी तथा बी.ए. अंतिम वर्ष के छात्र उपस्थित थे ।